

# 100 मीटर दौड़ में शुभम व अंजली बने विजेता, नींबू चम्मच दौड़ में निशा अव्वल

बरोटीवाला (सोलन)। राजकीय महाविद्यालय बरोटीवाला में महान भारतीय हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय खेल दिवस बड़े उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. कुलदीप सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

विभिन्न प्रतियोगिताओं में छात्रों एवं छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और पूरे उत्साह के साथ अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। 100 मीटर दौड़ में बीकॉम प्रथम वर्ष के शुभम झा ने पहला, द्वितीय वर्ष के प्रियांशु ने दूसरा व प्रथम वर्ष के किशन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्रा वर्ग में अंकिता ने पहला अंजलि ने दूसरा तथा काजल व हेमा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

नींबू चम्मच दौड़ में बीए द्वितीय वर्ष की निशा ने पहला, सलोनी ने दूसरे स्थान पर रही। तीन टांग दौड़ में अनीश व शिवानी पहले, नैना व आशना दूसरे तथा गोल्डी व सलोनी तीसरे स्थान पर रहे। रस्साकशी के

## बरोटीवाला कॉलेज में मेजर ध्यानचंद की जयंती को खेल दिवस के रूप में मनाया

छात्र वर्ग में ए व बी टीम विजेता, बी व सी टीम उप विजेता तथा सी व ए टीम तृतीय स्थान पर रही। छात्रा वर्ग बी टीम ने बाजी मारी

कॉलेज के प्राचार्य कुलदीप सिंह ने कहा कि मेजर ध्यानचंद भारत के महान हॉकी खिलाड़ियों में से एक थे। उनके उत्कृष्ट खेल कौशल और शानदार उपलब्धियों के कारण उन्हें हॉकी का जादूगर कहा जाता है। उनके जन्मदिवस 29 अगस्त को भारत में राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है।

इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ सभी छात्र-छात्राओं द्वारा खेल प्रतिज्ञा लेने के साथ हुआ। इसके पश्चात महाविद्यालय के खेल मैदान में छात्र एवं छात्राओं के लिए विभिन्न खेल एवं मनोरंजक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।


GPS Map Camera
Barotiwala,Himachal Pradesh,India
Barotiwala Buranwala Baddi Road, Baddi, Barotiwala, Himachal Pradesh 173205, India
Lat 30.912378, Long 76.829821
Thursday, 27/08/2026 12:20 PM GMT+05:30
Note : Captured by GPS Map Camera



GPS Map Camera
Barotiwala,Himachal Pradesh,India
Barotiwala Buranwala Baddi Road, Baddi, Barotiwala, Himachal Pradesh 173205, India
Lat 30.912376, Long 76.829825
Thursday, 27/08/2026 12:23 PM GMT+05:30
Note : Captured by GPS Map Camera


राजकीय महाविद्यालय
बरोटीवाला
हिमाचल प्रदेश
GPS Map Camera
Barotiwala,Himachal Pradesh,India
Barotiwala Buranwala Baddi Road, Baddi, Barotiwala, Himachal Pradesh 173205, India
Lat 30.912384, Long 76.829794
Thursday, 27/08/2026 12:25 PM GMT+05:30
Note : Captured by GPS Map Camera


GPS Map Camera
Barotiwala,Himachal Pradesh,India
Barotiwala Buranwala Baddi Road, Baddi, Barotiwala, Himachal Pradesh 173205, India
Lat 30.912356, Long 76.829807
Thursday, 27/08/2026 12:27 PM GMT+05:30
Note : Captured by GPS Map Camera


CHINTAM
GPS Map Camera
Barotiwala,Himachal Pradesh,India
Barotiwala Buranwala Baddi Road, Baddi, Barotiwala, Himachal Pradesh 173205, India
Lat 30.912367, Long 76.829832
Thursday, 27/08/2026 12:27 PM GMT+05:30
Note : Captured by GPS Map Camera


GPS Map Camera
Barotiwala,Himachal Pradesh,India
Barotiwala Buranwala Baddi Road, Baddi, Barotiwala, Himachal Pradesh 173205, India
Lat 30.912445, Long 76.829842
Thursday, 27/08/2026 12:28 PM GMT+05:30
Note : Captured by GPS Map Camera


GPS Map Camera
Barotiwala,Himachal Pradesh,India
Barotiwala Buranwala Baddi Road, Baddi, Barotiwala, Himachal Pradesh 173205, India
Lat 30.912162, Long 76.829594
Thursday, 27/08/2026 01:20 PM GMT+05:30
Note : Captured by GPS Map Camera


GPS Map Camera
Barotiwala,Himachal Pradesh,India
Barotiwala Buranwala Baddi Road, Baddi, Barotiwala, Himachal Pradesh 173205, India
Lat 30.912156, Long 76.829591
Thursday, 27/08/2026 01:21 PM GMT+05:30
Note : Captured by GPS Map Camera